पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन गेट पर तैनात सुरक्षा टीम को राज्यपाल सम्मानित करेंगे

लखनऊः 15 फरवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक राजभवन गेट पर चेकिंग के दौरान कार से बम बरामद करने वाली एण्टी सैबोटेज चेक टीम को गेट प्रभारी सहित सम्मानित करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल की सुरक्षा हेतु गेट पर लगी टीम ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए वाहन की जाँच की और तीन जिंदा बम बरामद किये थे। राज्यपाल ने जाँच टीम की सजगता और सक्रियता की भी तारीफ की।

ज्ञातव्य है कि राजभवन गेट पर तैनात एण्टी सैबोटेज चेक टीम द्वारा चेकिंग के बाद ही वाहनों को प्रवेश दिया जाता है। राजभवन एण्टी सैबोटेज चेक टीम में उपनिरीक्षक श्री आर0एन0 त्रिपाठी के साथ श्री राम दर्शन पाण्डेय मुख्य आरक्षी-एण्टी सैबोटेज चेक टीम तथा आरक्षी श्री लाल बहादुर राय, श्री संतोष कुमार मिश्र, श्री अशोक कुमार यादव तथा श्री जय प्रकाश यादव हैं। राजभवन में सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्य सुरक्षा अधिकारी, श्री इन्द्रजीत सिंह रावत, उप-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की जाती है।।